कर्मचारियों के लिए मार्गदर्शिका

# कार्य संबंधी चोट मुआवजा



MINISTRY OF
MANPOWER

## कार्य संबंधित चोट का मुआवज़ा क्या होता है?

**कार्य संबंधी चोट मुआवज़ा अधिनियम 2019 (WICA 2019)* कर्मचारियों को कार्य संबंधी क्षति या बीमारियों के लिए किसी भी कानूनी कार्रवाई की आवश्यकता के बिना उनके लिए दावा करने देता है.**

ध्यान देने योग्य बातें:
*कार्य संबंधी चोट मुआवज़ा अधिनियम तब लागू होता है जब कोई कार्य संबंधित दुर्घटनाएं 1 सितंबर 2020 से पहले घटित हुई हो.. इस बारे में अधिक जानकारी यहां उपलब्ध है http://www.mom.gov.sg/workplace-safety-and-health/work-injury-compensation/resources-and-tools

## क्या मैं कवर्ड हूँ?




### कवर्ड

- आप “सेवा के ठेके” के तहत कार्य कर रहे एक कर्मचारी है.

### तहत नहीं

- यूनिफ़ॉर्म्ड कर्मचारी - सिंगापुर सशस्त्र बल, सिंगापुर पुलिस बल, सिंगापुर नागरिक सुरक्षा बल, केंद्रिय नारकोटिक्स ब्यूरो और सिंगापुर जेल सेवा के सदस्य.
- स्व-रोज़गाररत व्यक्ति /खुद का ठेका
- घरेलू कामकर्ता

### प्रश्न 1

**क्या मैं फिर भी मुआवजे का दावा कर सकता हूँ यदि...**
**(i) मैं अब अपने मालिक के लिए कार्य नहीं करता हूँ या मेरा रोजगार समाप्त कर दिया गया है?**

**(ii) दुर्घटना तब हुई थी, जब मैं विदेशी कार्यभार संभाल रहा था?**

हाँ. आपके नियोक्ता द्वारा आपको नियुक्त किए जाने के दौरान दुर्घटना होने पर, और आपका रोज़गार होने की अवधि में दुर्घटना घटित होने पर आप मुआवजे का दावा कर सकते हैं..

## मुझे कार्यस्थल पर चोट लगी. मुझे क्या करना चाहिए?



☑ **चिकित्सा सहायता लें. आपको फौरन अपने मालिक को सूचित करना चाहिए.**

- आपका मालिक जनशक्ति नियंत्रण मंत्रालय (MOM) को इसकी सूचना देगा.

☑ **अपने नियोक्ता को अपने मूल और /या डिजिटल (जो भी लागू हो) चिकित्सा प्रमाणपत्र (MC) और चिकित्सा बिल दें.**

- आपके MC और चिकित्सा बिलों की एक प्रतिलिपि अपने पास रखें.
- अपने चिकित्सा अवकाश मेहनताने की मांग करें.
- यदि आपने अपना बिल पहले जमा कर दिया है, तो आपके मालिक को इस बिल को आपको वापस करना होगा.

☑ **अपने मालिक के साथ यह पता लगाएं कि क्या उसने दुर्घटना की जानकारी जनशक्ति नियंत्रण मंत्रालय MOM को दी है.**

☑ **नया! एक बार आपके मालिक द्वारा MOM को दुर्घटना की जानकारी दे देने पर आपका दावा अपने आप WICA 2019 के तहत संसाधित होता है.**

- अगर आप सामान्य कानून के तहत अपना दावा दायर करना चाहते हैं, तो आपको निश्चित बीमाकर्ता के पास से WICA 2019 के तहत दावे के लिए विथड्रॉल फ़ॉर्म जमा करना होगा.
- आप केवल WICA 2019 <u>या</u> सामान्य कानून के तहत दावा कर सकते हैं.




## मेरा नियोक्ता कार्य संबंधित चोट की रिपोर्ट MOM से कब करता है?


**आपके मालिक को आपकी चोट की रिपोर्ट करनी चाहिए यदि आपको:**

- नया! आउट पेशंट या हल्की ड्यूटी चिकित्सा अवकाश दिया गया हो, या
- पेशे से संबंधित बीमारी के लिए अनुबंधित किया गया हो




## मैं क्या दावा कर सकता हूँ?

### प्रकार 1: चिकित्सा खर्चे




**चिकित्सा खर्चे क्या होते हैं?**

- **चिकित्सा बिल**
- **कार्य संबंधी चोट लगने के कारण हुए अन्य शुल्क,** उ.दा. कार्य संबंधी चोट के मूल्यांकन की रिपोर्ट का शुल्क
- आपके नियोक्ता द्वारा निर्धारित सीमा तक देय, , जब तक कि सिंगापुर-पंजीकृत चिकित्सकों या दंत चिकित्सकों **द्वारा उपचार आवश्यक माना जाता है.**
- अधिकतम सीमाओं के लिए नीचे तालिका देखें

**आप अधिकतम सीमा तक या दुर्घटना होने की तारीख से एक साल तक के चिकित्सा खर्चों का दावा कर सकते हैं, जो भी पहले आएं.**

| दुर्घटना कब हुई है? | मैं अधिकतम कितनी राशि का दावा कर सकता हूँ? |
|---|---|
| **1 जनवरी 2020 के पहले** | **$36,000** |
| **नया! 1 जनवरी 2020या उसके बाद** | **$45,000** |



## प्रश्न 2

**मेरी चिकित्सा का खर्च $55,000 है. क्या मैं पूरी राशि का दावा कर सकता हूँ?**


इस उदाहरण में, आप केवल **$40,000 + $5,000 = $45,000**का दावा कर सकते है. आप 30 जून 2020 को खर्च हुई शेष राशि **$5,000** का दावा नहीं कर सकते हैं क्योंकि अधिकतम सीमा तक पहुंच गए हैं. या तो आप 9 मार्च 2021 को खर्च हुए $5,000 का दावा नहीं कर सकते हैं क्योंकि यह **दुर्घटना की तिथि से एक वर्ष ज़्यादा है.**


आपके साथ दुर्घटना हुई है.


**$40,000**
हाँ, आप पूर्ण राशि का दावा कर सकते हैं.

**$10,000**
आप केवल $5,000 का दावा कर सकते हैं.

**$5,000**
आप राशि का दावा नहीं कर सकते हैं.







## प्रकार 2: चिकित्सा अवकाश मेहनताना

### मैं चिकित्सा अवकाश मेहनताने का दावा कब कर सकता हूँ?






- आप नीचे दी गई तालिका में दिए विवरण के अनुसार **चिकित्सा अवकाश मेहनताने का दावा कर सकते हैं.**
- आप केवल उन दिनों के लिए ही दावा कर सकते हैं जब आप सामान्य तौर पर कार्य पर होते हैं (कार्य दिवस), और आप शेष दिनों या सार्वजनिक अवकाश के लिए दावा नहीं कर सकते हैं.

| आउटपेशंट चिकित्सा अवकाश (MC)/हल्की ड्यूटी* | अस्पताल में भर्ती होने का अवकाश | चिकित्सा अवकाश मेहनताना |
|---|---|---|
| अधिकतम 14 दिन | अधिकतम 60 दिन | i. MC के लिए, पूरी औसत मासिक आय (AME); या<br>ii. नया! हल्की ड्यूटी के लिए, यह कर्मचारी की AME से कम उस अवधि के लिए कर्मचारी के वास्तविक मेहनताने में कटौती (अगर हो तो) होती है. |
| दुर्घटना होने से 15वें दिन से, अधिकतम 1 वर्ष तक | दुर्घटना होने से 61वें दिन से, अधिकतम 1 वर्ष तक | i. MC के लिए, AME का 2/3; या<br>ii. नया! हल्की ड्यूटी के लिए, यह कर्मचारी के AME का 2/3 से कम अवधि के लिए कर्मचारी के वास्तविक मेहनताने की कटौती (यदि कोई हो तो) होती है. |

## प्रश्न 3

**मेरा मालिक मेरे चिकित्सा अवकाश मेहनताने और चिकित्सा बिलों का भुगतान नहीं करता है. मुझे क्या करना चाहिए?**

अगर आपका मालिक आपके चिकित्सा अवकाश मेहनताने और चिकित्सा बिलों का भुगतान करने में विफल होता है, तो आप नियत बीमाकर्ता से सहायता मांग सकते हैं या MOM तक पहुंच सकते हैं.

ध्यान देने योग्य बातें:
*1 सितंबर 2020 या उसके बाद होने वाली कार्य संबंधित दुर्घटनाओं के लिए.




## प्रकार 3: स्थायी अक्षमता (PI) या मृत्यु के लिए एक मुश्त मुआवजा



**PI** - जब किसी चोट या चिकित्सा स्थिति के कारण किसी की कार्य करने की क्षमता पर **स्थायी प्रभाव** पड़ता है

**देय राशि = [औसत मासिक आय] × [आयु के अनुसार] × [% स्थायी अक्षमता[1]]**

### मैं औसत मासिक आय (AME) की गणना कैसे करूं?



आय + ओवरटाइम भुगतान + भोजन भत्ता + बोनस और अन्य सभी भत्ता (भत्ते)

कार्य के लिए भुगतान किया गया **दुर्घटना की तारीख से पहले पिछले 12 माह**

**12 माह**

### इसमें क्या शामिल नहीं है?

- नियोक्ता CPF योगदान
- आपकी नौकरी से संबंधित किसी विशेष खर्चे के लिए भुगतान किया गया धन (उदाहरण के लिए, यातायात भत्ता / प्रतिपूर्ति)



### उपयोगी युक्ति


अपने AME की गणना करने के लिए **www.mom.gov.sg/calculate-ame** देखें.

| दुर्घटना कब हुई? | मुआवजे की सीमाएं * | |
|---|---|---|
| | **न्यूनतम** | **अधिकतम** |
| **1 जनवरी 2020 से पहले** | [$88,000 x % PI] | [$262,000 x % PI] |
| **नया! 1 जनवरी 2020 को और बाद** | [$97,000 x % PI] | [$289,000 x % PI] |

ध्यान देने योग्य बातें:

[1]% स्थायी अक्षमता (% PI) डॉक्टर द्वारा कर्मचारी की स्थिति स्थिर होने के बाद किए गए मूल्यांकन के आधार पर होती है.

*मुआवज़े की सीमाओं के अधीन है



# प्रकार 3: स्थायी अक्षमता (PI) या मृत्यु (CONT'D) के लिए एकमुश्त राशि



**मृत्यु** - जब कोई चोट लगने के कारण किसी कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है

**तो राशि मृतक कर्मचारी के परिवार के सदस्यों या आश्रितों को देय होती है = [ कर्मचारी की औसत मासिक आय ] × [ आयु के अनुसार ]**

| दुर्घटना कब हुई? | मुआवजे की सीमाएं* | |
|---|---|---|
| | न्यूनतम | अधिकतम |
| 1 जनवरी 2020 के पहले | $69,000 | $204,000 |
| नया! 1 जनवरी 2020 को और उसके बाद | $76,000 | $225,000 |

## प्रश्न 4

**क्या मुझे WICA मुआवज़े के दावे के लिए वकील की ज़रूरत होगी?**

- आपको अपने WICA दावे के लिए किसी वकील की ज़रूरत नहीं है क्योंकि मुआवज़े की राशि एक निश्चित सूत्र के आधार पर निकाली जाती है.
- MOM के दुभाषिए हैं जो बंगाली, तमिल, मंदारिन और मलय भाषा में आपकी सहायता कर सकते हैं.

ध्यान देने योग्य बातें:
*मुआवज़े की सीमाओं के अधीन है

## मेरे पास एक WICA दावा है. मुझे क्या करना चाहिए?






### मेरा WICA दावा

नया! • आपका दावा निश्चित बीमाकर्ता द्वारा अपने आप संसाधित किया जाता है * बशर्ते कि आपके मालिक ने दुर्घटना की जानकारी MOM को दी हो.

### चिकित्सा सहायता लें

- सभी चिकित्सा संबंधी मुलाकातों पर उपस्थित रहें.
- अस्पताल /क्लिनिक न बदलें.
- अस्पताल आपका मूल्यांकन करेगा और आपकी चोट की गंभीरता के बारे में नियत बीमाकर्ता को सूचित करेगा.

### गणना की सूचना (NOC) प्राप्त करना

नया! • नियत बीमाकर्ता आपको देय मुआवजे की एक गणना की सूचना (NOC) जारी करेगा.

### दावे और भुगतान का समाधान करें

- यदि NOC के लिए कोई आपत्ति नहीं है, तो आपको अपना मुआवजा सूचना के 21 दिनों के अंदर मिल जाएगा.
- अगर कोई आपत्ति नहीं होती है, तो MOM इस मुद्दे को सुलझाने में मदद करेगा और मुआवजे का भुगतानकिए जाने के लिए एक आदेश जारी करेगा.

### प्रश्न 5

**मैं एक विदेशी कर्मचारी हूँ. क्या मेरा मालिक मेरा WICA दावा संसाधित किए जाने के दौरान मुझे वापस अपने मूल देश भेज सकता है?**

अगर MOM को आपकी सिंगापुर में बने रहने की आवश्यकता होती है तो आपका कर्मचारी आपको आपके मूल देश वापस नहीं भेज सकता.

अगर वह आपको घर जाने के लिए जबरदस्ती करता है, तो अप्रवासन चेकपॉइंट पर अधिकारियों को इसकी रिपोर्ट करें और वे आपको MOM को सौंप देंगे.

ध्यान देने योग्य बातें: *MOM बिना किसी नियत बीमाकर्ता वाले मामलों के लिए दावों का संसाधन खुद करेगा.

## अगर मैं WICA के अंतर्गत कोई अपराध करता हूँ तो क्या होगा?



MOM आपके विरुद्ध कार्रवाई करेगा.

इसके लिए निम्न पेनल्टी हैं:

| बेईमानी पूर्वक मुआवजा प्राप्त करना | | अधिकारियों को झूठी जानकारी देना | |
|---|---|---|---|
| • पहला अपराध: अधिकतम $15,000 का दंड और/या अधिकतम 12 माह की जेल | • दूसरा या अनुवर्ती अपराध: अधिकतम $30,000 का दंड और/या अधिकतम 12 माह की जेल | • पहला अपराध: अधिकतम $5,000 का दंड और/या अधिकतम 6 माह की जेल | • दूसरा या अनुवर्ती अपराध: अधिकतम $10,000 का दंड और/या अधिकतम 6 माह की जेल |

अगर आप विदेशी कर्मचारी है तो आपको वापस काम करने के लिए सिंगापुर नहीं आने दिया जाएगा.

**ताकि वे कार्य संबंधी चोट के मुआवजे के बारे में और जान सके**

http://www.mom.gov.sg/wic

Ministry of Manpower Services Centre
1500 Bendemeer Road
Singapore 339946

कार्य के घंटे:
सोमवार से शुक्रवार: सुबह 8:00 - शाम 5:30
(कतार के टिकट शाम 4.30 बजे तक जारी किए जाएंगे)

6438 5122

जनवरी 2021 में अपडेट किय ा गया

इस मार्गदर्शिका में प्रदान की गई जानकारी मुद्रण के समय तक सही है. यह मार्गदर्शिका कर्मचारियों को कार्य संबंधित चोट लगने पर मुआवजे के बारे में मूल जानकारी प्रदान करती है और उनके कार्य संबंधित चोट का मुआवजा अधिनियम 2019 (WICA 2019) के तहत उनके अधिकारों और उत्तरदायित्वों का संक्षिप्त अवलोकन प्रदान करती है. एक मार्गदर्शिका के तौर पर, इस बुकलेट का कोई कानूनी औचित्य नहीं है. शंका होने की स्थिति में, WICA 2019 का ही संदर्भ लिया जाना चाहिए.

© 2021 सिंगापुर सरकार (जनशक्ति मंत्रा लय)।
सर्वाधिकार सुरक्षित